# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग मुजफ्फरनगर।

पत्रांक :– 3204 /1ह1 मुजफ्फरनगर दिनांक, 25-2- 2018।

सेवा में,

श्री तुंगनाथ प्रसाद,
प्रबन्धक (रिटेल सेल्स)
इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लि0 ई–8 सैक्टर –1
नोएडा–201301 (उ0प्र0) ।

विषयः– मुजफ्फरनगर में मुजफ्फरनगर–बडौत मार्ग कि0मी0 33 की बांयी पटरी पर बुढ़ाना बांगर के खसरा या–2728/1, 2733 व 2734 में इंडियन ऑयल कार्पो0 लि0 द्वारा विकसित किये जो रहे रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.054 है0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– प्रस्ताव संख्या–FP/UP/Others/26599/2017, एवं विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन वन एवं वन्य जीव अनुभाग–2 का पत्रांक–पी–114/14–2–2017–800(122)/2017 दिनांक 19.01.2018।

महोदय,

कृपया उ0प्र0 शासन के उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र दिनांक 19.01.2018 (छाया प्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें, उक्त पत्र के माध्यम से विषयक रिटेल आऊटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण 0.054 है0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की सैद्धान्तिक स्वीकृति कतिपय शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की गयी है। अतः विषयक प्रकरण में शासन द्वारा प्रदत्त सैद्धान्तिक स्वीकृति दिनांक 19.01.2018 के क्रम में आपसे निम्नानुसार धनराशि/अभिलेख इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1– शर्त सं0 27, के अनुपालन में 100 वृक्षों के वृक्षारोपण एवं आगामी दस वर्षो तक रखरखाव हेतु आवश्यक धनराशि जमा करयें। (रूपये एक लाख अटठाईस हजार चार सौ मात्र) = 1,28,400.00

2– शर्त सं0 07 के अनुपालन में प्रस्तावित 0.054 है0 संरिक्षत वन भूमि का शुद्ध वर्तमान मूल्य (N.P.V) की धनराशि
@ 6,26,000/– प्रति है0 = 33,804.00
(रूपये तैतीस हजार आठ सौ चार मात्र)

3– शर्त सं0 08 के अनुपालन में उपरोक्त क्र0सं0 01 से 02 तक वर्णित क्रमशः क्षतिपूरक वनीकरण एवं शुद्धवर्तमान मूल्य की धनराशि Compensatory Afforetation Fund, Management and Planning Authority के खाता संख्या–520101263743736 कार्पोरेशन बैंक लोधी रोड नई दिल्ली में ऑनलाईन ई–पोर्टल के माध्यम से उत्पन्न चालान से जमा कराकर जमा करायी गयी धनराशि की On line payment History की मूल प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

साथ ही शासन द्वारा प्रदत्ता सैद्धान्तिक दिनांक 19.01.2018 में उल्लिखित समस्त शर्तो (30 शर्तो) की अलग–अलग अनुपालन आख्या इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि अनुपालन आख्या उच्च स्तर को प्रेषित करते हुए प्रकरण में विधिवत् स्वीकृति जारी कराने हेतु अनुरोध किया जा सके।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय
25/2/18
(सूरज)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर।

संख्याः– / दिनांकित।

प्रतिलिपि–मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ की सेवा में सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

प्रतिलिपि– वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सहारनपुर वृत्त सहारनपुर की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(सूरज)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर।